## 40 वां चक्रधर समारोह 2025

### कुश्ती खेल आयोजन हेतु समिति गठित

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष मयंक चतुर्वेदी ने 40 वां चक्रधर समारोह 2025 के सफल आयोजन के लिए कुश्ती खेल आयोजन समिति का गठन किया है। गठित समिति में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव को अध्यक्ष तथा सहायक आयुक्त आदिवासी विकास रायगढ़ श्रीकांत दुबे को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह मोतीमहल रायगढ़/प्रतिनिधि राजपरिवार देवेन्द्र प्रताप सिंह, डीएमसी राजीव गांधी शिक्षा मिशन नरेन्द्र चौधरी, अतिरिक्ति मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत महेश पटेल, दिनेश जायसवाल तथा बलबीर शर्मा को सदस्य बनाये गये है।

### कबड्डी खेल आयोजन हेतु समिति गठित

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष मयंक चतुर्वेदी ने 40 वां चक्रधर समारोह 2025 के सफल आयोजन के लिए कबड्डी खेल हेतु कबड्डी आयोजन समिति का गठन किया है। गठित समिति में डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सहायक संचालक खेल महेश शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह मोती महल रायगढ़/प्रतिनिधि राजपरिवार रायगढ़ देवेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक कोषालय अधिकारी पुष्पेन्द्र चन्द्रा, अंतर्राष्ट्रीय निर्णायक कबड्डी राजेश पटनायक, क्रीड़ा अधिकारी सौरभ प्रधान, व्यायाम शिक्षक विनीता पाणि एवं सहा.पुलिस उप निरीक्षक राजेन्द्र पटेल को सदस्य बनाये गये है।

### कलाकार चयन हेतु समिति गठित

**रायगढ़।** कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष मयंक चतुर्वेदी ने 40 वां चक्रधर समारोह 2025 के सफल आयोजन हेतु कलाकार चयन के लिए कलाकार चयन समिति का गठन किया है। गठित समिति में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी तरह मोती महल रायगढ़ देवेन्द्र प्रताप सिंह, अतिरिक्त कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, डिप्टी कलेक्टर महेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर प्रवीण कुमार भगत, डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा, मोती महल रायगढ़ उर्वशी देवी एवं प्राचार्य राजेश डेनियल को सदस्य बनाये गये है। उक्त समिति कलाकारों के चयन हेतु अपना सुझाव देगी तथा अंतिम निर्णय अध्यक्ष आयोजन समिति, चक्रधर समारोह का होगा।

# रायगढ़ जिले में सुचारू तरीके से हुई युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया

## पहले दिन 523 शिक्षकों को दी गई पदस्थापना, दूसरे दिन 424 शिक्षकों की हुई काउंसलिंग

- 3 और 4 जून को हुई काउंसलिंग
- शिक्षकों ने काउंसलिंग में उपस्थित होकर किया शाला चयन





**रायगढ़**

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था को अधिक सशक्त, संतुलित और गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण किए जाने की पहल की है, ताकि शिक्षक संसाधनों का अधिकतम और समान उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सभी प्राथमिक, माध्यमिक और हायर सेकेंडरी स्कूलों में दर्ज संख्या के मान से स्कूलों और शिक्षकों का समायोजन किया जाना था, शासन के निर्देशानुसार रायगढ़ जिले में भी सर्वप्रथम 553 स्कूलों को उच्चतर शालाओं में समायोजित किया गया, तत्पश्चात द्वितीय चरण में अतिशेष शिक्षकों की सूची तैयार कर सभी स्कूलो में सहायक शिक्षक, शिक्षक, प्रधान पाठक, व्याख्याताओं की अतिशेष सूची तैयार की गई। जिला समिति के अनुमोदन उपरांत अतिशेष शिक्षकों का काउंसलिंग किया जा रहा है। काउंसलिंग दो दिवस 03 जून 2025 को टी संवर्ग और 04 जून 2025 को ई संवर्ग के शिक्षकों के लिये रखी गई है। काउंसलिंग का कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने निरीक्षण का जायजा लिया। यहां जिला शिक्षाधिकारी के.वेंकट राव व डिप्टी कलेक्टर समीर बड़ा की उपस्थिति में शिक्षा विभाग द्वारा पूरी प्रक्रिया सुचारू तरीके से संपन्न की जा रही है।

प्रथम दिवस की काउंसलिंग जो टी संवर्ग के लिये आयोजित थी, इसमें प्राथमिक शाला में 02 प्रधानपाठक, सहायक शिक्षक विज्ञान 03 सहायक शिक्षक 348 शिक्षकों की काउंसलिंग की गई। जिसमें 346 सहायक शिक्षक उपस्थित होकर उन्होंने अपने लिये शाला का चयन किया। प्राथमिक शाला में 07 सहायक शिक्षक अनुपस्थित रहे। माध्यमिक शाला में 01 प्रधान पाठक और 93 उच्च वर्ग शिक्षकों की काउंसलिंग आयोजित की गई जिसमें 89 शिक्षक उपस्थित रहे एवं 05 अनुपस्थित रहे। हायर सेकेंडरी स्कूलों की अंतर्गत विभिन्न विषय की व्याख्याता में 76 व्याख्याता अतिशेष पाए गए थे जिसमें 74 व्याख्याता काउंसलिंग में उपस्थित रहे, 02 व्याख्याता अनुपस्थित रहे। इस तरह 03 जून को 523 व्याख्याता, शिक्षक और सहायक शिक्षक जो अतिशेष घोषित किये गये थे उसमें 509 ने अपने लिए जिला द्वारा निर्धारित स्कूलों का चयन किया। काउंसिलिंग में 14 व्याख्याता एवं शिक्षक जो अनुपस्थित रहे उन्हें प्रशासनिक आधार पर जिला से दर्शित स्थान में शेष स्थानों पर पदस्थापना प्रदान कर दी गई।

काउंसलिंग के दूसरे दिन विभिन्न विषयों के 19 व्याख्याता जिनको अतिशेष माना गया था, उसमें से 18 व्याख्याता उपस्थित रहे, 01 व्याख्याता अनुपस्थित रहे। माध्यमिक शाला के विभिन्न विषयों में 60 शिक्षकों को अतिशेष माना गया था जिसमें से 59 शिक्षक उपस्थित रहे 01 शिक्षक अनुपस्थित है। सहायक शिक्षक विज्ञान में एक सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक में तीन शिक्षक अतिशेष रहे जिसमें से सभी शिक्षकों ने अपना स्थल चयन किया। सहायक शिक्षक प्राथमिक शाला की कुल 345 शिक्षक अतिशेष है जिनकी काउंसलिंग की प्रक्रिया चल रही है, समाचार लिखे जाने तक इनमें से 295 शिक्षकों की काउंसलिंग पूरी की जा चुकी है।

### युक्तियुक्तकरण के लाभ

शिक्षक विहीन एवं एकल शिक्षकीय विद्यालयों में अतिशेष शिक्षकों की तैनाती संभव होगी। अतिरिक्त शिक्षक की उपलब्धता बढ़ेगी। स्थापना व्यय में कमी आएगी। एक ही परिसर में पढ़ाई की निरंतरता से बच्चों के ड्रॉपआउट में कमी आएगी। छत्तीसगढ़ सरकार का यह प्रयास शिक्षकों के संसाधनों का बेहतर और समान वितरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक दूरदर्शी एवं व्यावहारिक कदम है। इससे न केवल शालाओं की कार्यप्रणाली में सुधार होगा, बल्कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ भी सुलभ रूप से प्राप्त होगा।

# घायल हाथी शावक का रेस्क्यू ऑपरेशन सफल: वन विभाग की सतर्कता से बची जान

**रायगढ़**




रायगढ़ वनमंडल के घरघोड़ा वन परिक्षेत्र अंतर्गत नवापारा (टेण्डा) सर्किल के चारमार परिसर में 30 हाथियों का दल पिछले कुछ दिनों से विचरण कर रहा था। इसी दौरान 3 जून की सुबह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटी, जब एक नर हाथी शावक लगभग 5 वर्ष की उम्र, ऊंचाई लगभग 5 फीट, ग्राम चारमार के टिकरा क्षेत्र में स्थित एक खुले कुएं में गिर गया।

सुबह लगभग 7.30 बजे वन भ्रमण एवं हाथी ट्रैकिंग कार्य के दौरान वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं अनुभवी हाथी ट्रैकर प्रहलाद गुप्ता ने घटना को देखा और तत्काल इसकी सूचना परिक्षेत्र सहायक कपिल दास महंत को दी। त्वरित कार्रवाई करते हुए वन विभाग ने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया और मौके पर जेसीबी मशीन, आवश्यक उपकरणों एवं रेस्क्यू टीम को रवाना किया। करीब दो घंटे चले इस रेस्क्यू ऑपरेशन में जेसीबी की मदद से कुएं का किनारा चौड़ा कर रास्ता बनाया गया और लगभग 9.30 बजे हाथी शावक को सकुशल बाहर निकाल लिया गया। इसके बाद ट्रैकिंग दल की सहायता से शावक को कक्ष क्रमांक 1264 पीएफ से सुरक्षित रूप से धरमजयगढ़ वनमंडल के छाल परिक्षेत्र में विचरण कर रहे हाथी दल के पास वापस भेजा गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में वन प्रबंधन समिति, हाथी ट्रैकिंग दल, परिक्षेत्र व उपवनमंडल अधिकारियों, प्रशिक्षु वन परिक्षेत्र अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान प्रतिशत रुझानों (व्हीटीआर) साझा करने की प्रक्रिया को उन्नत किया जाएगा

**रायगढ़**

भारत निर्वाचन आयोग अब एक सुव्यवस्थित, प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली की शुरुआत कर रहा है, जिससे अनुमानित मतदान प्रतिशत रुझानों पर समयबद्ध अद्यतन प्रदान किए जा सकें। यह नई प्रक्रिया पुराने मैनुअल रिपोर्टिंग तरीकों से जुड़ी समय की देरी को काफी हद तक कम कर देगी। यह पहल आयोग की समय पर सार्वजनिक संचार सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिस पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार कई अवसरों पर जोर दे चुके हैं।

1961 के निर्वाचन नियमों के अंतर्गत नियम 49S के तहत, पीठासीन अधिकारी (PRO) को मतदान समाप्ति के बाद मतदान केंद्र पर उपस्थित उम्मीदवारों द्वारा नामित मतदान एजेंटों को फॉर्म 17C में दर्ज मतों का विवरण देना आवश्यक होता है। यह कानूनी आवश्यकता यथावत बनी रहेगी, लेकिन VTR ऐप को अद्यतन करने की प्रक्रिया, जो अब तक एक सहायक, गैर-संवैधानिक तंत्र के रूप में विकसित हुई थी, को तेज करने के लिए सुव्यवस्थित किया जा रहा है।

इस नई पहल के तहत, प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी (PRO) अब मतदान के दिन हर दो घंटे में ECINET ऐप में मतदान प्रतिशत दर्ज करेंगे ताकि मतदान रुझानों के अद्यतन करने में लगने वाले समय में कमी आएगी। यह जानकारी स्वतः निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर संकलित की जाएगी। मतदान प्रतिशत के अनुमानित रुझान पहले की तरह हर दो घंटे में प्रकाशित होते रहेंगे।

विशेष रूप से, मतदान समाप्त होने के बाद PRO अब मतदान केंद्र छोड़ने से पहले ECINET ऐप में मतदान डेटा दर्ज करेंगे, जिससे देरी में कमी आएगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि मतदान समाप्ति के बाद निर्वाचन क्षेत्रवार अनुमानित मतदान प्रतिशत अद्यतन VTR ऐप पर नेटवर्क कनेक्टिविटी उपलब्ध होने की स्थिति में उपलब्ध हो। जहाँ मोबाइल नेटवर्क अनुपलब्ध है, वहाँ डेटा ऑफलाइन दर्ज किया जा सकता है और कनेक्टिविटी बहाल होने पर सिंक किया जा सकता है। यह अद्यतन VTR ऐप बिहार चुनावों से पहले ECINET का एक अभिन्न अंग बन जाएगा।

पूर्व में मतदान प्रतिशत डेटा सेक्टर अधिकारियों द्वारा मैन्युअल रूप से एकत्र किया जाता था और फोन कॉल, एसएमएस या मैसेजिंग ऐप्स के माध्यम से रिटर्निंग अधिकारियों (ROs) को भेजा जाता था। इस जानकारी को हर दो घंटे में संकलित करके VTR ऐप पर अपलोड किया जाता था। प्रायः मतदान प्रतिशत रुझानों को देर रात या अगले दिन फिजिकल रिकॉर्ड मिलने के बाद अपडेट किया जाता था, जिससे 4–5 घंटे या उससे अधिक की देरी होती थी, जिससे कुछ लोगों के बीच भ्रम की स्थिति उत्पन्न होती थी।

# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 31 जुलाई तक मंगाए गए ऑनलाईन आवेदन

**रायगढ़**

प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार वर्ष 2025 हेतु ऑनलाईन आवेदन 31 जुलाई 2025 तक मंगाए गए है। आवेदन प्राप्त किए जाने हेतु पोर्टल https://awards.gov.in है। पुरस्कार हेतु आवेदन केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किए जायेंगे। पोर्टल पर दो विकल्प है जिनमें आवेदक बच्चा स्वयं फार्म भर सकता है या कोई अन्य अर्थात माता-पिता/अधिकारी/शिक्षक आदि भी बच्चे का नामांकन कर सकते है।

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि देश के मेधावी बच्चों को सम्मानित करने हेतु भारत सरकार, महिला एवं बाल विकास विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार (पीएमआरबीपी)की स्थापना की गई है। इस पुरस्कार का उद्देश्य उन बच्चों को उचित प्रोत्साहन देना है जिन्होंने दूसरों के लिए असाधारण बहादुरी एवं असाधारण क्षमताओं और उत्कृष्ट उपलब्धियों वाले बच्चे, जो रोल मॉडल है और जिन्होंने खेल, सामाजिक सेवा विज्ञान और प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, संरक्षण, कला, संस्कृति और नवाचार के क्षेत्र में समाज पर व्यापक और दृश्यमान प्रभाव डाला है। पुरस्कार हेतु पात्र आवेदक जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है। कोई भी बच्चा, जिसकी आयु 5 वर्ष से अधिक है और 18 वर्ष (31 जुलाई 2025 को)से अधिक नहीं है। घटना/उपलब्धि आवेदन/ नामांकन की प्राप्ति की अंतिम तिथि से 2 वर्ष के भीतर होना चाहिए। आवेदक को किसी भी श्रेणी में पहले उसी पुरस्कार का प्राप्तकर्ता नहीं होना चाहिए। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, रायगढ़ से संपर्क कर सकते है।

## रायगढ़ में बदमाशों की धरपकड़

# कोतवाली, चक्रधरनगर और जूटमिल क्षेत्र में पुलिस का ताबड़तोड़ कॉबिंग गश्त, 102 संदिग्ध, फरार आरोपी और वारंटी गिरफ्तार

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन में अपराधियों पर कड़ा शिकंजा कसने हेतु आज सुबह जिला मुख्यालय में एक संगठित और व्यापक कॉबिंग गश्त अभियान चलाया गया। नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला के नेतृत्व में डीएसपी साइबर सेल अनिल विश्वकर्मा, डीएसपी ट्रैफिक उत्तम प्रताप सिंह, शहर के छह थाना प्रभारियों, रक्षित केंद्र के रिजर्व बल और थाना स्टाफ की संयुक्त टीमों ने कोतवाली, चक्रधरनगर और जूटमिल थाना क्षेत्रों में एक साथ दबिश दी।

गश्त के दौरान निगरानी बदमाशों की सघन जांच की गई तथा मुखबिरों से प्राप्त सूचनाओं की तस्दीक कर छापेमारी की गई, जिसमें पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। अभियान के तहत पुलिस ने कुल 102 संदिग्धों और फरार वारंटियों को हिरासत में लिया है। इनमें से 25 व्यक्तियों को धारा 170, 126, 135 बीएनएस के तहत गिरफ्तार कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया है। इसके अतिरिक्त 52 संदिग्धों पर धारा 126, 135 व 128 बीएनएस के तहत कार्यवाही की गई।

पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे 6 वारंटियों को भी दबोच लिया है, वहीं एक दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। चक्रधरनगर क्षेत्र से दो संदिग्धों के पास से एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है, जिस पर आगे की कानूनी कार्यवाही जारी है। मारपीट के पांच मामलों में फरार 10 आरोपियों की भी गिरफ्तारी की गई है।

इसके अतिरिक्त अवैध शराब संग्रहण और बिक्री की मुखबिर सूचना पर छापामार कार्यवाही करते हुए पांच आरोपियों को अवैध शराब के साथ पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस दौरान दो संदिग्ध नाबालिग भी मिले हैं, जिन पर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

इस अभियान में कोतवाली निरीक्षक सुखनंदन पटेल, चक्रधरनगर थाना प्रभारी अमित शुक्ला, थाना प्रभारी जूटमिल प्रशांत राव, पूंजीपथरा थाना प्रभारी राकेश मिश्रा, थाना प्रभारी पुसौर रामकिंकर यादव सहित संबंधित थानों का बल, रिजर्व बल व विशेष टीमें शामिल रहीं। जिले में शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा अपराधियों पर लगातार दबाव बनाए रखने के लिए पुलिस ऐसे अभियान आगे भी जारी रखेगी।

# एकलव्य विद्यालय: कक्षा 6 वीं में 12 जून तक ले सकते है प्रवेश

**रायगढ़** | सहायक आयुक्त/ सचिव जिला स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति, रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि एकलव्य विद्यालयों में प्रवेश के लिए 12 जून 2025 की तिथि निर्धारित की गई है। संबंधित विद्यार्थी एवं पालकगण उक्त तिथि में आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते है। समयावधि में प्रवेश हेतु उपस्थित नहीं होने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची से विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा।

सहायक आयुक्त कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले अंतर्गत संचालित 4 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं हेतु जारी जिला स्तरीय मेरिट सूची के आधार पर एकलव्य विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु निर्धारित आरक्षण अनुसार 14 एवं 15 मई तथा 22 मई 2025 तक प्रवेश हेतु काउंसलिंग किया गया। काउंसलिंग उपरांत जिला अंतर्गत संचालित 4 एकलव्य आदर्श आवसीय विद्यालयों में कक्षा 6 वीं में प्रवेश सूची जारी किया जा रहा है।

### एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने हेतु 5 जून को लगेंगे शिविर

**रायगढ़।** जिला परिवहन द्वारा एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने हेतु जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शिविर लगाए जा रहे है। इसी कड़ी में 5 जून को रायगढ़ अंतर्गत केवड़ाबाड़ी बस स्टैण्ड के पास जोहल पैलेस में शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिसके लिए मोबा.नं.9522118887 में संपर्क कर सकते है। इसी तरह रेलवे स्टेशन के पास मेहता पेट्रोल पम्प, मोबा.नं.9131788037 तथा हनुमान मंदिर राजेश किराना स्टोर के पास टीवी टॉवर रोड, मोबा.नं.9202173820 में संपर्क कर सकते है। उक्त शिविर प्रात: 10 बजे से प्रारंभ होगा।

# मोर गांव-मोर पानी महाअभियान: क्लस्टर स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित, जल संचयन और जल संवर्धन पर हुई विस्तृत चर्चा

- तालाब निर्माण, तालाब गहरीकरण, वृक्षारोपण, नरवा कार्य, सोख्ता गड्ढा की दी गई जानकारी
- रैली निकालकर लोगों को किया गया जल संरक्षण के प्रति जागरूक

**रायगढ़**



'मोर गांव-मोर पानी महाअभियान' के अंतर्गत 2 से 5 जून तक क्लस्टरवार प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। जिसमें कोतरा, कांशीचुआं, लोईग, कोलाईबहाल ग्राम पंचायत का चयन किया गया। एक दिवसीय प्रशिक्षण में क्लस्टर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत के बीडीसी, सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, विहान कैडर की महिला समूहों की दीदी प्रतिभागी शामिल हैं।

प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण एवं जल संवर्धन करना है। जल संरक्षण एवं जल संवर्धन उद्देश्य की प्राप्ति हेतु कराये जाने वाले कार्य जैसे नया तालाब निर्माण/तालाब गहरीकरण/वृक्षारोपण/नरवा कार्य/सोख्ता गड्ढा की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान ग्रामीण स्तर पर जल संरक्षण भूमि क्षरण, जलस्तर में लगातार गिरावट से बचाव हेतु विभिन्न पहलुओं एवं वाटर शेड के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। नालों, जलाशयों, तालाबों में वर्षा के जल को संचित कर भू-जल स्तर को किस तरीके से बढ़ाया जा सकता है के बारे में बताया गया एवं जल प्रबंधन के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस दौरान प्रशिक्षण स्थल पर जल शपथ ली गई। प्रशिक्षण के अंतिम सत्र में जागरूकता रैली का भी आयोजन किया गया।

# बुजुर्ग हमारी धरोहर थीम के साथ मनाया गया 'दाई-बबा दिवस'

## बुजुर्गों के प्रति सेवा, संवेदना विशेष देखभाल एवं बच्चों से उनके भावनात्मक जुड़ाव के संबंध में दी गई जानकारी

- जिला सहित ब्लॉक स्तर पर स्वास्थ्य केंद्रों में हुआ आयोजन

**रायगढ़**




आम जनता के बेहतर स्वास्थ्य एवं बुजुर्गों के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने तथा उनके बेहतर स्वास्थ्य लाभ के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला मुख्यालय सहित ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं समस्त स्वास्थ्य केन्द्रों में आयोजित हेल्थ मेला में 'दाई-बबा दिवस' का आयोजन किया गया। जहां स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुजुर्गों के रक्तचाप, रक्त शर्करा, मोतियाबिंद, हड्डियों की जांच, मानसिक स्वास्थ्य जैसे संपूर्ण स्वास्थ्य जांच नि:शुल्क कर उन्हें लाभान्वित किया गया। इसके साथ ही पंजीयन एवं स्वास्थ्य कार्ड प्रदान भी किया गया ताकि बुजुर्गों की नियमित जांच एवं परामर्श प्रदान किया जाना सुनिश्चित हो सके।

सीएमएचओ डॉ.अनिल कुमार जगत ने कहा कि प्रत्येक बुधवार को जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिर में हेल्थ मेला मनाया जा रहा है, जिसके तहत आज हेल्थ मेला में 'दाई-बबा दिवसÓ का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ.जगत ने कहा कि 'दाई-बबा दिवसÓ कार्यक्रम का उद्देश्य बुजुर्गों के प्रति सम्मान एवं सहभागिता को बढ़ावा देना, बुजुर्गों के स्वास्थ्य की समग्र जांच एवं परामर्श प्रदान करना, पीढिय़ों के बीच संवाद एवं भावनात्मक जुड़ाव को सशक्त करना तथा युवाओं को बुजुर्गों की देखभाल एवं सेवा के प्रति संवेदनशील बनाना था। कार्यक्रम में जिन बुजुर्गों के पास आयुष्मान कार्ड नहीं थे उनका सत्यापन एवं रजिस्ट्रेशन काउण्टर में ले जाकर डिजिडल हेल्थ आईडी (अभा आईडी) से लिंक किया गया, जिससे भविष्य में उन्हें आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत नि:शुल्क उपचार सुविधा आसानी से प्राप्त होगी।

शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में आयोजित दाई-बबा दिवस में सभापति नगर निगम डिग्री लाल साहू शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गो को श्रीफल भेंट कर एवं तिलक लगाकर सम्मानित किया। इसी क्रम में शहरी स्वास्थ्य केन्द्र गांधीनगर में वार्ड क्रमांक 33 के पार्षद अमरनाथ रात्रे की उपस्थिति में हमारे बुजुर्ग हमारी धरोहर थीम के साथ दाई-बबा दिवस मनाया गया। जिसमें बड़ी संख्या में बुजुर्ग युवा एवं बच्चे सम्मिलित हुए। आयोजित कार्यक्रम में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जी.एस.पैकरा ने बुजुर्गों के स्वास्थ्यगत समस्याओं एवं उनकी विशेष देखभाल के संबंध में जानकारी दी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480